# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल खण्डवा (म.प्र.)

दूरभाष क (0733)–2223244 ई–मेल dfot.khd@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 5031 खंडवा, दिनांक 25/11/22

प्रति,

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद ओंकारेश्वर
जिला खण्डवा (म.प्र.)

विषयः– जिला खण्डवा अंतर्गत म0प्र0 नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में शहीद जन नायक टंट्या मामा की प्रतिमा एवं उद्यान के निर्माण हेतु 0.22 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि उपयोग पर प्रदान करने बाबत्।

संदर्भः– मुख्य वनसंरक्षक खण्डवा वृत्त खण्डवा का पत्र क्रमांक / माचि / 2022 / 9064 दिनांक 23.11.2022 एवं प्रकरण क्रमांक – FP/MP/Others/157386/2022

---000---

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में लेख है कि जिला खण्डवा अंतर्गत नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में शहीद जन नायक टंट्या मामा की प्रतिमा एवं उद्यान के निर्माण हेतु 0.22 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि उपयोग पर प्रदान करने के संबंध में नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में शहीद जन नायक टंट्या मामा की प्रतिमा एवं उद्यान के निर्माण हेतु वनसंरक्षण अधिनियम 1980 में निहित प्रावधानो में प्रतिमा एवं उद्यान के निर्माण कार्यो की अनुमति हेतु कोई प्रावधान नही है। प्रस्तावित भूमि राजस्व वन के अंतर्गत है। राजस्व विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त करते हुये प्रस्ताव की वस्तुस्थिति आधारित प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

वनमण्डलाधिकारी,
सामान्य वनमण्डल खंडवा

पृष्ठांकन क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 5032 खंडवा, दिनांक 25/11/22

प्रतिलिपि : –

1– कलेक्टर (वाचक शाखा) जिला खण्डवा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
संलग्नः– उपरोक्तानुसार

वनमण्डलाधिकारी,
सामान्य वनमण्डल खण्डवा

# कार्यालय वन वृत्त, खण्डवा (क्षेत्रीय) मध्यप्रदेश
सिविल लाईन्स, खण्डवा : 450001 (म.प्र.)
☎: 0733-2224120, Fax:- 0733-2225282, Email-ccf.khd@mp.gov.in


क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 9064 खण्डवा, दिनांक 23-11-2022

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल खण्डवा

विषय :– जिला खण्डवा अंतर्गत म.प्र. नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में शहीद जन नायक टंट्या मामा की प्रतिमा एवं उद्यान के निर्माण हेतु 0.22 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि उपयोग पर प्रदान करने बाबत्।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 4985, दिनांक 18.11.2022

––00––

विषयान्तर्गत लेख है कि, संदर्भित पत्र द्वारा खण्डवा वनमण्डल अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्र पुनासा के ग्राम गोदड़पुरा की खसरा क्रमांक 2/9, रकबा 0.22 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि नगरीय क्षेत्र ओंकारेश्वर में शहीद टंट्या मामा की प्रतिमा एवं उद्यान निर्माण हेतु प्रस्ताव अनुमोदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुए है। वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में निहित प्रावधानों में प्रतिमा निर्माण एवं उद्यान निर्माण कार्य की अनुमति के संबंध में कोई उल्लेख नही है।

अतः शहीद जन नायक टंट्या मामा की प्रतिमा एवं उद्यान निर्माण के प्रस्ताव का परीक्षण कर नियम/कानून का सूक्ष्मता से अध्ययन करें तथा भविष्य में भी परीक्षण उपरान्त ही प्रस्ताव प्रेषित करें। उक्त प्रस्ताव किन प्रावधानों/नियमों के तहत प्रेषित किये गये है, इस संबंध में अपना प्रतिवेदन एवं नियमों/प्रावधानों की प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार (मूलतः)।

मुख्य वन संरक्षक
खण्डवा वृत्त खण्डवा
22/11/22

D:\DM-Computer\2022\Letter 2022.docx